दिनांक-13.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ की प्रयागराज में हुई शुरूआत।
- प्रधानमंत्री आज जम्मू कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग परियोजना का करेंगे उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री आज उज्जैन में 614 करोड़ रूपये से अधिक की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का करेंगे भूमिपूजन।
- प्रदेश के कई जिलों में हल्की वर्षा, मौसम विभाग ने आज भी कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना जताई।

महाकुंभ प्रयागराज

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हो गया है। लाखों श्रद्धालु और तीर्थयात्री गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। यह भव्य आयोजन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। 144 वर्षों में केवल एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन करेंगे। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार श्रद्धालु निर्धारित अनुष्ठानों का सख्ती से पालन करते हुए माघ पूर्णिमा तक एक महीने के लिए कल्पवास करेंगे। इस आयोजन के लिए सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेले में देश और विदेश के 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। आज सुबह स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है।

महाकुंभ 'मध्यप्रदेश मण्डप'

प्रयागराज महाकुंभ मेले में संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, मंदिरों, साहित्य के साथ फिल्मों एवं नृत्य, गायन, वादन और अन्य को प्रदर्शित करने वाला 'मध्यप्रदेश मण्डप' तैयार किया गया है। इसमें महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर,, खजुराहो, हरसिद्धि मंदिर, भीम बैठिका, सांची,सहित अन्य मंदिरो की जानकारी दी जाएगी। देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म शताब्दी पर अहिल्याघाट को प्रदर्शित करता मंच भी तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री-सोनमर्ग सुरंग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इससे श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच लेह के रास्ते से सभी प्रकार के मौसम में सड़क सम्पर्क उपलब्ध होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री निर्माण श्रमिकों से भी मिलेंगे। लगभग 12 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग परियोजना का निर्माण दो हजार सात सौ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से किया गया है। यह सुरंग लद्दाख क्षेत्र में निर्बाध और सुरक्षित संपर्क उपलब्ध कराएगी। इससे सोनमर्ग में पूरे वर्ष पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति होगी तथा आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

लोहडी-मकर सक्रांति-शुभकामनाए

फसलों का त्योहार लोहड़ी आज उत्तर भारत के राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू और चंडीगढ़ में मनाया जाएगा। लोहड़ी सर्दियों की लंबी रातों के खत्म होने और गर्मियों के लंबे दिनों का स्वागत करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज लोहड़ी तथा कल मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्योहार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और सभी के जीवन में उत्साह तथा खुशियां लाते हैं।

लोहड़ी पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रबी फसल की कटाई के साथ मनाया जाने वाला लोहड़ी पर्व धरती मां की उदारता को नमन करने और किसान भाइयों के परिश्रम को प्रणाम करने का त्योहार है। मुख्यमंत्री कल भोपाल में पंजाबी अकादमी, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित लोहड़ी पर्व को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को लोहड़ी की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोहड़ी की परम्परागत रस्म में हिस्सा लिया।

अच्छी खबर-रायसेन

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। रायसेन जिले में महिलाए अपना रोजगार स्थापित करते हुए आत्मनिर्भर बन रही हैं।

एंकर - रायसेन जिले में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र में रोजगार स्थापित करते हुए आत्मनिर्भर हो रही है।

पीटीसी-वीओ-रायसेन जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के अंतर्गत 10113 स्व सहायता समूहों को संचालित किया जा रहा है। जिसमें से लखपति दीदी की संख्या जिले में 20383 हो गई है। महिलाओं को रोजगार स्थापित किए जाने की दिशा में तेजी से कार्य होने से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव भी आया है।

पीटीसी-वीओ इसी तरह लखपति दीदी ललीता नागर ने बताया कि मेरे उनके पास आय का साधन नहीं था लेकिन अब राष्ट्रीय अजीविका मिशन जुडने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है ।।

पीटीसी-वीओ वहीं अंजू नागर ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से जुडने से उनकी शिक्षा पूर्ण हुई ओर वर्तमान में बैकिंग गतिविधि से जोड़ा गया है -

यंग लीडर्स-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल 'विकसित भारत यंग इंडिया लीडर्स डायलॉग' में देशभर से चुने गए 10 प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके नवाचारों को सराहा। इनमें मध्य प्रदेश के सतना की डॉ. स्वप्ना वर्मा भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने उनके बीमारी मुक्त मॉडल के बारे में जानकारी ली। डॉ. स्वप्ना वर्मा ने बताया कि मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान 'बीमारी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत सतना प्रकल्प पर काम कर रहा है। इसके तहत घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। मरीजों की डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जाती है। उनके परिवार का फैमिली ट्री चार्ट बनाया जाता है। इसके साथ ही मास हेल्थ स्क्रीनिंग के माध्यम से संभावित गंभीर और अनुवांशिक बीमारियों का समय रहते पता लगाया जाता है। इससे आने वाले समय में इन बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। पीएम ने संस्थान के स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान को प्रेरणादायक बताया।

सेवरखेड़ी परियोजना-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 614 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि-पूजन कार्तिक मेला ग्राउंड उज्जैन पर करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी उपस्थित रहेंगे। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री सिलावट ने कहा कि परियोजना से क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाए रखने के साथ ही उज्जैन को पेयजल के लिये पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। पेयजल के उपयोग के लिये 27 एमसीएम तथा क्षिप्रा को प्रवाहमान बनाए रखने के लिए 51 एमसीएम जल उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेवरखेड़ी में बैराज निर्माण किया जाएगा, जिसमें वर्षाकाल में जल भराव होगा फिर उसे उद्वहन कर सिलारखेड़ी तालाब में संग्रहित किया जाएगा। 6.50 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन से जल का उद्वहन सेवरखेड़ी से सिलारखेड़ी तक किया जाएगा। यह परियोजना मई 2027 तक पूरी की जानी है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम और सागर संभागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए बैतूल, सतना, जबलपुर, छतरपुर सहित 26 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही इन जिलों में कुछ स्थानों पर बिजली गिरने के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में ठंड का नया दौर शुरू होने की संभावना जताई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कल नरसिंहपुर जिले में बरमान मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने नर्मदा तट पर पूजा अर्चना भी की।

- भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस का संचालन आज भोपाल स्टेशन से निरस्त कर दिया गया है। पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया जयपुर मंडल के सिरस और वनस्थली निवाई के बीच तकनीकी कारणों से ट्रेन निरस्त की गई है।
- छतरपुर में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कल राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यातायात जागरूक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इंदौर जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत लगाये गए शिविरों में नागरिकों द्वारा कुल 77 हजार 762 आवेदन दिये गए। इनमें से 73 हजार 839 नागरिकों के आवेदन स्वीकृत किये गए।
- खंडवा- निमाड़ ताइक्वांडो क्लब एवं सीएच ग्रुप के तत्वाधान में फोर्थ एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान 113 खिलाड़ियों को अवार्ड एवं प्रमोशन करके सम्मानित किया गया।

-------------